कार्यालय जनपद न्यायाधीश, जिला एवं सत्र न्यायालय, कानपुर नगर

पत्रांक   कानपुर नगर   दिनांक

निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा समस्त स्तरीय व प्रतिष्ठित लिफ्ट मरम्मतकर्ताओं व संस्थापक संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि इस जनपद न्यायालय के बहुखण्डीय भवन में आवागमन हेतु स्थापित 09 अदद लिफ्टों में से 05 अदद पुरानी लिफ्टें, जिनके नम्बर क्रमशः G000025, G000026, G004813, H006985 व H006986 है, तथा 04 अदद नई लिफ्टें जिनके नं0 क्रमशः R006464, R006465, R006463 व R006466 है, के वार्षिक अनुरक्षण वित्तीय वर्ष 2018–19 हेतु अनुबन्ध स्थापित किया जाना है, जो मरम्मतकर्ता व संस्थापक संस्था इस कार्य हेतु पंजीकृत हों और कार्य के करने के इच्छुक हों वे किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय, केन्द्रीय नजारत, जिला एवं सत्र न्यायालय, कानपुर नगर में सम्पर्क कर सन्दर्भित कार्य के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी प्राप्त कर अपनी सीलबन्द निविदाएं दिनांक 10.05.2018, सायंकाल 3:00 बजे तक इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

नियत तिथि व समय पर प्राप्त सभी निविदाओं को उसी दिन सायंकाल 4:00 बजे खोला जाएगा। तत्पश्चात् उन्हें माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के समक्ष स्वीकृत/अस्वीकृत हेतु प्रस्तुत किया जाएगा।

किसी भी प्राप्त निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार जनपद न्यायाधीश, कानपुर नगर के पास सुरक्षित है।

20/04/2018

(देवराज प्रसाद सिंह)
प्रभारी अधिकारी नजारत/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
कक्ष संख्या–24 कानपुर नगर।

इस नोटिस की एक एक प्रति नोटिस बोर्ड, जिला एवं सत्र न्यायालय, बार एसोसिएशन, लायर्स एसोशिएशन, कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट, कानपुर नगर, कार्यालय, पुलिस अधीक्षक, कानपुर नगर व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा की जाये तथा एक प्रति सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग लखनऊ को प्रकाशन हेतु प्रेषित की जाए व मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद तथा जनपद न्यायालय की वेबसाईट पर सिस्टम आफीसर से अपलोड कराये।

20/04/2018

(देवराज प्रसाद सिंह)
प्रभारी अधिकारी नजारत/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
कक्ष संख्या–24, कानपुर नगर।

अनुमोदित
20.4.18
जनपद न्यायाधीश
कानपुर नगर।
DISTRICT JUDGE
KANPUR-NAGAR